## एक नजर में

### आठवें पोषण पखवाड़े के तहत व्यंजन प्रदर्शनी

**सुठालिया 16 अप्रैल, सं.** पोषण पखवाड़े के तहत गुरुवार को आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 7 में शही व ग्रामीण सेक्टर एवं गिन्दौरहाट सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषणयुक्त व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई. इस कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी वीरेंद्र वर्मा, पर्यवेक्षक चंद्रकला सोंधिया, पर्यवेक्षक स्वाति मालवीय, पर्यवेक्षक वृषभाना अहिरवार, कार्यालय स्टाफ सहायक किशन सिंह राजपूत, कार्यकर्ता धनबाई नामदेव व सहायिका वीणा शर्मा सहित नगरी व ग्रामीण सेक्टर की कार्यकर्ता उपस्थित रही.

### धनगर समाज के 17 जोड़े बंधे परिणय में



**सुठालिया 16 अप्रैल, सं.** धनगर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ गायत्री परिवार द्वारा पानी ग्रहण संस्कार करवाया गया. जिसमें 17 जोड़ों की शादी है संपन्न हुई. नगर में आकर्षक बारात निकाली गई. सेलिब्रेशन गार्डन में विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि राजा भैया पाल पत्रकार, राजेंद्र सिंह बघेल ग्वालियर, भगवान सिंह पाल राष्ट्रीय उदय पार्टी, सुनील पहलवान आदि ग्वालियर से मुख्य अतिथि रहे. वहीं जिले से पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष दिलवर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया भाजपा नेता जगदीश पंवार, पूर्व जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि जसवंत गुर्जर, मोहन पंवार, भाजपा नेता नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, रामनारायण दांगी, आदि अतिथि उपस्थित रहे.

### कम्प्यूटर ऑपरेटर की नवीन कार्यकारिणी बनी

**पचोर 16 अप्रैल, सं.** करनवास में आयोजित बैठक में कम्प्यूटर ऑपरेटर संगठन की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई. प्राचीन मंदिर शिवालय करनवास पर बैठक रखी गई, जिसमें जिले के ऑपरेटर उपस्थित रहे है. बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक यादव के द्वारा प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिल यादव ब्रांच पचोर के नाम की घोषणा की गई. जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राजपूत सारंगपुर ब्रांच, महामंत्री मुकेश नाथ जीरापुर ब्रांच, उपाध्यक्ष अरविंद राजपूत ब्रांच बोड़ा, मनोहर लाल लववंशी ब्रांच नरसिंहगढ़, हरिओम दागी ब्रांच ब्यावर, मंत्री रामबाबू नागर ब्रांच खुजनेर, बाबू सिंह रुहेला ब्रांच तलेन को कोषाध्यक्ष बनाया गया.

### जिला सलाहकार समिति की बैठक 17 अप्रैल को

**राजगढ़ 16 अप्रैल, का.** मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा बताया गया कि जिला सलाहकार समिति की बैठक 17 अप्रैल, 2026 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के बैठक कक्ष में प्रात: 11 बजे आयोजित की जाएगी. उन्होंने संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों व समाजसेवी संगठन के सदस्य से नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है. 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-एन्यूमरेशन के माध्यम से जनगणना का कार्य प्रारंभ किया गया है. मैंने आज स्वयं स्व-एन्यूमरेशन किया है. मेरी समस्त राजगढ़ वासियों से अपील है कि स्व-एन्यूमरेशन के अंतर्गत दिया गया आपका डेटा पूर्णत: गोपनीय रखा जाएगा.

# रंजिश को लेकर हमला, दो घायल

## पुलिस ने 13 लोगों पर मामला दर्ज किया, चाकूबाजी का आरोपी, सीसीटीवी पड़ताल जारी



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 16 अप्रैल, सं. पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया. जिसमें चाकूबाजी का आरोप है. मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर कुल 13 लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है. घटना के सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं. बुधवार देर रात अस्पताल में भर्ती हुए शादाब और सज्जाद ने आरोप लगाया कि मोईन अली पर पूर्व में हुए जानलेवा हमले के मामले में समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा था.**

इसी बात को लेकर 10 लोगों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया. दूसरी ओर, घायल मोईन अली ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि शादाब, सज्जाद और अब्दुल मलिक ने उनके साथ मारपीट की. मोईन की शिकायत पर पुलिस ने इन तीनों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है.

पुलिस ने सज्जाद की शिकायत पर शकील अली, अमान अली, मुन्ना अली, दानिश, गोलू पिता रईस, रेहान पिता इमरान, इमरान पिता रशीद, अरशद पिता रशीद, शफीक अली उर्फ चुन्नू और जक्की के खिलाफ भी मारपीट का मामला दर्ज किया गया है. टीआई आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज को मिली शिकायतों से जोड़कर मामले की गहनता से जांच कर रही है.

## स्टार्ट करते ही बेकाबू हुई पिकअप, परिवार को रौंदा, 12 साल के बालक की मौत

**नवभारत न्यूज सुठालिया, 16 अप्रैल, सं.** नगर के मण्डी कॉम्प्लेक्स के सामने एक हादसे में 12 साल के बालक की मौत हो गई. बालक समीपस्थ ग्राम बेड़ाबे के बंजारा समाज का है. आगामी अक्षय तृतीया को ग्राम बेडाबे में बंजारा समाज का सम्मेलन है. उसी में मोहनलाल बंजारा के परिवार की दो बच्चियों की शादी भी है. परिवार बाजार में खरीदारी करने आया था. शाम के समय गांव लौटने से पहले मण्डी के सामने खड़े थे. उसी समय उनके सामने खड़ी पिकअप वाहन को चालक ने स्टार्ट किया लेकिन संतुलन बिगड़ने से वाहन ने पूरे परिवार को टक्कर मार दी. इसमें 12 वर्षीय अरविन्द पिता मोहनलाल बंजारा की मौत हो गई. वहीं परिवार के अन्य 5-6 लोग घायल हो गए. पुलिस ने पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 39 जी 4370 को जब्त कर लिया है. बालक का आज सुबह पोस्ट मार्टम किया जाएगा. वहीं घटना के बाद परिजनों का रो -रोकर बेहाल है.

### मातम में बदलीं शादी की खुशियां

मृतक बालक बेड़ाबे के सरपंच का भतीजा है. परिवार में दो बच्चियों की आगामी अक्षय तृतीया पर शादी थी. लेकिन बालक की मौत के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई. घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. वाहन मालिक और चालक का पता लगाकर पूछताछ की जाएगी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन खड़ा था और चालक द्वारा स्टार्ट करने पर अचानक बेकाबू हुआ और सामने खड़े बंजारा समाज के लोगों को टक्कर मार दी.

### किसानों की समस्याओं पर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

**खिलचीपुर 16 अप्रैल, सं.** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भोजपुर द्वारा किसानों एवं आम नागरिकों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार भोजपुर को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भोजपुर के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह खींची के नेतृत्व में दिया गया. ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान समय में किसान आर्थिक एवं व्यवस्थागत परेशानियों से जूझ रहे हैं. गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों से किसानों और आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है. किसानों की उपज के उचित मूल्य का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया. ज्ञापन में कहा गया कि किसानों को उनकी मेहनत के अनुरूप समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है. किसानों के हित में गेहूं की सरकारी खरीदी 4 हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर से किए जाने की मांग रखी गई. इसके अतिरिक्त गेहूं उपार्जन के लिए लागू ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग प्रणाली को किसानों के लिए परेशानीपूर्ण बताया गया. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भोजपुर ने प्रशासन से मांग की है कि किसानों और आम नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर व्यवस्था में आवश्यक सुधार किए जाएं. इस दौरान राजपाल सिंह चौहान, जगदीश सिंह, धनराज सिंह, सुजान सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# कलेक्टर ने किया उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण, नोटिस दिए



नवभरत न्यूज

**राजगढ़ 15 अप्रैल, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जिले के फुलखेड़ी, माचलपुर, खंडियापूरा एवं पीपलबेह उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया.** निरीक्षण के दौरान उपार्जन कार्य, व्यवस्थाओं एवं किसानों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की गई. निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपार्जन केंद्रों पर अनुपस्थित पाए गए, जिस पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए.

साथ ही माचलपुर उपार्जन केंद्र पर पाई गई अव्यवस्थाओं के कारण समिति प्रबंधक मदन तंवर को भी नोटिस जारी किया गया. नोटिस प्राप्त करने वाले अधिकारियों में उपार्जन केंद्र माचलपुर के नोडल अधिकारी दुले सिंह चौहान (ग्राम पंचायत सचिव), फुलखेड़ी के कृषि विस्तार अधिकारी शीतल बिरला एवं पीपलबेह के ग्राम पंचायत सचिव हेमंत सोंधिया शामिल हैं. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि सभी उपार्जन केंद्रों पर अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर किसानों को सुचारू सेवाएं उपलब्ध कराएं. लापरवाही की पुनरावृत्ति होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है.

# एक माह में तीसरी बार बंद हुई ट्यूबवेल

## पांच दिन से किसी ने नहीं ली सुध

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 अप्रैल, का.** गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है. तापमान 40 डिग्री से ऊपर जा पहुंचा है, ऐसे में पानी की अधिक आवश्यकता होती है किंतु स्थानीय शहीद कॉलोनी में क्लब ग्राउण्ड के समीप मौजूद सार्वजनिक ट्यूबवेल एक माह के भीतर तीसरी बार खराब होने से एक बार फिर पानी की परेशानी बढ़ गई है. वर्तमान में करीब पांच दिन से ट्यूबवेल में खराबी होना बताया जाता है.

जानकारी के अनुसार बीते करीब पांच दिन पूर्व शहीद कॉलोनी स्थित क्लब ग्राउण्ड के समीप मौजूद ट्यूबवेल तकनीकि खराबी आने से बंद हो गई. गुरुवार की देर शाम तक ट्यूबवेल की मोटर को नहीं निकाला जा सका. नपा के जल प्रदाय विभाग प्रबंधन का कहना है कि जल्द ही खराबी को दूर कर ट्यूबवेल को चालू कर दिया जाएगा.

**दो बार पूर्व में आ चुकी खराबी** - इसके पूर्व मार्च माह के पहले सप्ताह में मोटर में खराबी के कारण ट्यूबवेल बंद हो गई थी. जिसे दुरस्त करवाया गया. इसके बाद एक बार फिर मोटर में खराबी के चलते ट्यूबवेल बंद हो गई थी. मरम्मत के बाद ट्यूबवेल चालू हो सकी. कुछ दिन ही बीते कि एक बार फिर ट्यूबवेल खराबी के कारण बंद हो गई. आश्चर्यजनक बात यह है कि बीते पांच दिन से ट्यूबवेल खराब है परन्तु इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया.

**गर्मी की तीव्रता के बीच पेयजल संकट** -तापमान में बढ़ोत्तरी होने से गर्मी के तीखे तेवर बने हुए है. ऐसे में पानी की अधिक आवश्यकता है. क्लब ग्राउण्ड के यहां स्थित ट्यूबवेल गर्मी के दिनों में पेयजल को लेकर काफी कारगर सिद्ध होती है. पानी की काफी पूर्ति इससे हो जाती है, वर्तमान में ट्यूबवेल बंद होने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

### कुशलपुरा में 33 केवी लाइन में आया फाल्ट

कुशलपुरा डेम स्थित फिल्टर प्लांट पर 33 के.वी. विद्युत लाईन में एकाएक फाल्ट आने से कुशलपुरा डेम पर बिजली सप्लाई ठप्प हो गई, बिजली जाते ही कुशलपुरा से नगर में होने वाली पेयजल सप्लाई भी ठप्प हो गई. जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम करीब 4 बजे कुशलपुरा डेम पर फिल्टर प्लांट स्थित डीपी में अचानक जोर की आवाज के साथ फाल्ट होकर बिजली सप्लाई बंद हो गई. देर शाम तक बिजली सप्लाई बहाल नहीं हो सकी थी. गर्मी के दिनों में इतने समय तक नगर में पेयजल सप्लाई बाधित रहने से पेयजल को लेकर दिक्कत बढ़ सकती है.

### संत शिरोमणि का जन्मोत्सव मनाया

नवभारत न्यूज

**कुरावर 16 अप्रैल, सं.** सेन समाज द्वारा अपने आराध्य देव संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती नगर में श्रद्धा, उत्साह के साथ मनाई गई. खेड़ापति हनुमान मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई. ढोल ढमाके, बैंडबाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से भव्य शोभायात्रा निकली. स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया. विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत किया गया. शोभायात्रा में विधायक मोहन शर्मा भी उपस्थित रहे. समापन अग्रवाल धर्मशाला में हुआ. प्रदेश अध्यक्ष सेन समाज हीरालाल श्रीवास, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष लीलाधर सेन ने कुरीतियों को दूर करने, स्वच्छता, शिक्षा पर जोर दिया. इस अवसर पर रमेश चंद सेन, जीतू सेन, सुरेश चंद्र सेन, जगदीश सेन सहित सामाजिक लोग उपस्थित रहे.

### ब्यावरा में स्व-गणना अभियान का शुभारंभ

**ब्यावरा 16 अप्रैल, का.** जनगणना अभियान अंतर्गत ब्यावरा में डिजिटल स्व-गणना प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई और नागरिकों को भी प्रेरित किया. अभियान 16 अप्रैल से प्रारंभ होकर आगामी 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा. उन्होंने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह देश के विकास, नीति-निर्माण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का मजबूत आधार है. इससे सरकार को नागरिकों की वास्तविक स्थिति और आवश्यकताओं को समझने में मदद मिलती है, जिससे भविष्य की योजनाएं अधिक सटीक और लाभकारी बनती हैं.

# घर से चांदी के गहने सहित 25 हजार का माल उड़ाया

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 16 अप्रैल, सं.** नगर के सदर बाजार में स्थित एक घर में बीती रात अज्ञात चोर ने घुसकर चांदी के जेवर सहित नगदी माल पर हाथ साफ कर दिया है. फरियादी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. जानकारी के मुताबिक नगर के सदर बाजार में निवासी विशाल जैन के घर में पास को ओर से पीछे स्थित पुरानी मस्जिद के यहां से चढ़कर कोई अज्ञात चोर बुधवार गुरुवार के दरमियान रात घर में अंदर घुसा व घर में रखी गोदरेज की अलमारी को तोड़कर कपड़े बिखेर दिए व उसमें रखी चांदी की तीन पायजेब चार-पांच सिक्के सहित 10-12000 नगदी पर हाथ साफ कर दिया व चोर कमरे का दरवाजा खोलकर पीछे के रास्ते से बाहर निकल गया सुबह जब परिजन जागे तो सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए मामले की शिकायत विशाल जैन द्वारा स्थानीय थाने में की गई जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दि हे उल्लेखनीय की नगर में एक बार फिर छूट चोरी की वारदात बढ़ने लगी है बीते दिनों भी एक चाय की गुमटी में अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर करीब हजार 1200 चुरा लिए थे.



**अनदेखी** ▶ दोबारा उपार्जन केन्द्र पहुंचने पर किसान ने मांगे रुपये

# कर्मचारी पर रिश्वत मांगने के आरोप

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 16 अप्रैल, सं. उपार्जन केंद्र में चना बेचने पहुंचे एक किसान ने खरीदी केंद्र के कर्मचारियों पर रिश्वत मांगने और परेशान करने के गंभीर आरोप लगाए गये हैं. वहीं, उपार्जन केंद्र पर मौजूद सेल्समैन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए चने की गुणवत्ता खराब होने की बात कही है.**

छापीहेड़ा के पास स्थित कांकरिया गांव निवासी किसान योगेंद्र सिंह खिंची ने बताया कि उन्होंने चना बेचने के लिए स्लॉट बुक कराया था. 7 अप्रैल को वे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगभग 40 क्विंटल चना लेकर खिलचीपुर कृषि उपज मंडी परिसर स्थित उपार्जन केंद्र पहुंचे. दोबारा पहुंचने पर रिश्वत मांगने का आरोप हालांकि, केंद्र पर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं मिला. एक व्यक्ति के कहने पर किसान धामनिया जोड़ स्थित वेयरहाउस पहुंचे, जहां उन्हें केवल गेहूं की खरीदी होने की जानकारी दी गई. इसके बाद वे मंडी परिसर लौटे, लेकिन उपार्जन केंद्र पर भी कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं मिला. बस स्टैंड स्थित सोसायटी पर पहुंचने पर सेल्समैन ने बारकोड नहीं होने की बात कहकर उन्हें वापस लौटा दिया. इस परेशानी के कारण किसान को 35 किलोमीटर दूर अपने गांव लौटना पड़ा था. किसान ने बताया कि 14 अप्रैल को उन्हें जानकारी मिली कि खरीदी शुरू हो गई है. इसके बाद वे दोबारा चना लेकर उपार्जन केंद्र पहुंचे. उनका किसान का आरोप है कि यहां उनके कर्मचारी प्रहलाद सिंह राजपूत को कथित तौर पर बताया गया कि केवल एक ट्रॉली चना ही खरीदा जाएगा, जबकि दोनों ट्रॉली खरीदने के लिए 10 हजार रुपए की मांग की गई. यह बात कर्मचारी ने किसान को फोन पर बताई.



### सेल्समैन ने आरोपों को गलत बताया

इस मामले में उपार्जन केंद्र मार्केटिंग सोसायटी खिलचीपुर के सेल्समैन विजय सिंह दांगी ने आरोपों को गलत बताया. उन्होंने कहा कि किसान के चने की जांच कृषि विभाग के नोडल अधिकारी और सर्वेयर की मौजूदगी में की गई थी, जिसमें चने में डंक, फफूंद और मिट्टी पाई गई. नियमानुसार पंचनामा बनाकर चना खरीदी से मना किया गया.


